जवाहर नवोदय विद्यालय, तेनुघाट (बोकारो) में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 26.07.2019

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून एवं नवोदय विद्यालय समिति नोएडा के बीच हुए समझौते के अंतगर्त 'प्रकृति' परियोजना के तहत् दिनांक 26.07.2019 को जवाहर नवोदय विद्यालय, तेनुघाट (बोकारो) में वानिकी एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य, शिक्षक एवं लगभग 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य श्री यू0 पी0 सिंह के स्वागत एवं विषय प्रवेश के बाद श्री बी0डी0पंडित, तकनीकी अधिकारी, वन उत्पादकता संस्थान, रांची ने कार्यक्रम की आवश्यकता की चर्चा करते हुए वन वर्द्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में छात्रों को विस्तार से बताया एवं विश्व तथा भारत द्वारा इसके लिए उठाये गए कदमों की क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के विभिन्न संस्थानों के कार्यों की चर्चा करते हुए मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री एस0 एन0 वैद्य ने पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न घटकों एवं उसके निराकरण के उपायों को विस्तार से प्रस्तुत किया।

प्राचार्य के द्वारा भौगोलिक गतिविधियों में हो रहे परिवर्तन का कारण वनों का दोहन एवं पेड़ों की कमी बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।प्राचार्य के अलावा शिक्षकों में श्री अविराम सिंह, श्री रविन्द्र राय, श्री सीताराम राय, श्री राजेन्द्र झा, श्री राजेश कुमार, श्री डी0 के0 आचार्य आदि उपस्थित रहे एवं इसकी सफलता में संस्थान के श्री एस0 एन0 वैद्य, श्री बी0 डी0 पंडित एवं श्री सूरज कुमार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।